# Kredoz IAS मासिक करेंट अफेयर्स MCQ

# फरवरी 2025

## दैनिक समाचार पत्रों पर आधारिक(परीक्षा के लिए अति उपयोगी )

Kredoz IAS

# फरवरी करेंट अफेयर्स

# MCQ Book

## (1 फरवरी से 28 फरवरी 2025)

---

**1. वह कौन सा राज्य है जिसकी पंचायतों में इंटरनेट की सुविधा नहीं है?**

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) ओडिशा

(c) हरियाणा (d) आंध्र प्रदेश

**उत्तर: (c)**

2024 के पंचायत हस्तांतरण सूचकांक में, हरियाणा भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है जिसकी कोई भी पंचायत इंटरनेट की सुविधा से लैस नहीं है। इंटरनेट कनेक्टिविटी पुरे देश में सीमित बनी हुई है, 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 100% इंटरनेट की सुविधा है।

**2. हाल ही में चर्चा में रहे, 'अनुच्छेद 72' के अंतर्गत राष्ट्रपति को कौन-सा अधिकार प्राप्त है?**

(a) कानून बनाने का

(b) दया याचिका स्वीकार करने का

(c) बजट पारित करने का

(d) संसद भंग करने का

**उत्तर: (b)** दया याचिका स्वीकार करने का

**3. माइक्रोसॉफ्ट के क्वांटम प्रोसेसर का नाम क्या है?**

(a) मेजराना 1 (b) क्वांटम कोर

(c) टोपोलॉजिकल चिप (d) क्यूबिट प्रोसेसर

**उत्तर: (a)**

माइक्रोसॉफ्ट ने मेजराना 1 का अनावरण किया है, जो एक क्रांतिकारी क्वांटम प्रोसेसर है जो व्यावहारिक क्वांटम कंप्यूटिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

**4. हाल ही में चर्चा में रहे, 'IN-SPACe' किससे संबंधित संगठन है?**

(a) इसरो का निजीकरण

(b) भारत में अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को समर्थन देना

(c) रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (DRDO)

(d) समुद्री अनुसंधान

**उत्तर: (b)** भारत में अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को समर्थन देना

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP30) 2025 में भारत में आयोजित होगा।
2. भारत ने 2070 तक शून्य-उत्सर्जन प्राप्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।
3. पेरिस समझौता वैश्विक तापमान वृद्धि को प्री-इंडस्ट्रियल स्तरों से 2°C तक सीमित करने का लक्ष्य रखता है, और इसे 1.5°C तक सीमित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कितने कथन सही हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) सभी तीन (d) कोई नहीं

**उत्तर: (b)**

कथन 1: गलत। COP30 2025 में आयोजित होगा, लेकिन यह भारत में नहीं, बल्कि ब्राजील में होगा।

कथन 2: सही। भारत ने 2070 तक शून्य-उत्सर्जन प्राप्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

कथन 3: सही। पेरिस समझौते का लक्ष्य वैश्विक तापमान वृद्धि को 2°C से कम और संभवतः 1.5°C तक सीमित करना है।

**6. हाल ही में चर्चा में रहे, रत्नागिरी में पाए गए अवशेष किस भाषा और लिपि में लिखे गए थे?**

(a) तमिल और ब्राह्मी (b) संस्कृत और ब्राह्मी

(c) पाली और देवनागरी (d) फारसी और खरोष्ठी

**उत्तर: (b)** संस्कृत और ब्राह्मी



**7. निम्नलिखित पर विचार कीजिये और नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

1. सार्क (SAARC)
2. बिम्सटेक (BIMSTEC)
3. शंघाई सहयोग संगठन (SCO)
4. आसियान (ASEAN)

उपर्युक्त में से किस क्षेत्रीय समूह में भारत और चीन दोनों शामिल हैं?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 4

(c) केवल 3

(d) केवल 2, 3 और 4

**उत्तर: (c)**

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष 1985 में दक्षिण एशिया में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति तथा सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लिये की गई थी। इसमें भारत तो शामिल है लेकिन चीन शामिल नहीं है।
बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल) एक क्षेत्रीय संगठन है जो दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के सात देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। इसमें भारत शामिल है लेकिन चीन नहीं।
शंघाई सहयोग संगठन (SCO) एक अंतर-सरकारी संगठन है जो अपने सदस्य देशों के बीच सहयोग और शांति को बढ़ावा देता है। SCO की स्थापना वर्ष 2001 में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने की थी। भारत वर्ष 2017 में पूर्ण सदस्य के रूप में SCO में शामिल हुआ। अतः इसमें भारत और चीन दोनों शामिल हैं।
दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (ASEAN) एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो दक्षिण-पूर्व एशिया में सहयोग व धारणीयता को प्रोत्साहित करता है। इसकी स्थापना वर्ष 1967 में इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड और फिलीपींस द्वारा की गई थी। भारत और चीन आसियान के सदस्य नहीं हैं, लेकिन उन्हें संगठन में "संवाद भागीदार" माना जाता है, जिसका अर्थ है कि वे आसियान के सदस्य देशों के साथ चर्चा और सहयोग में भाग लेते हैं, भले ही वे पूर्ण सदस्य न हों।

**8. हाल ही में चर्चा में रहे, विजयदुर्ग किले को किस नाम से जाना जाता है?**

(a) साहसी किला (b) पूर्व का जिब्राल्टर

(c) समुद्री प्रहरी (d) मराठा शक्ति किला

**उत्तर: (b)** पूर्व का जिब्राल्टर

**9. प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. पीएम-जनमन के लिए कुल परिव्यय 24,104 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र का हिस्सा 15,336 करोड़ रुपये और राज्यों का योगदान 8,768 करोड़ रुपये है।

2. इस योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 नवंबर, 2023 को मंजूरी दी थी और यह पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को लाभ पहुंचाने के लिए नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों पर केंद्रित है।

3. पीएम-जनमन से 18 राज्यों और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 220 जिलों के 28 लाख से अधिक आदिवासी लोगों को लाभ होगा।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) उपरोक्त सभी (d) कोई नहीं

**उत्तर: (c)**

पहला कथन सही है क्योंकि पीएम-जनमन योजना के लिए कुल परिव्यय वास्तव में 24,104 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 15,336 करोड़ रुपये और राज्यों द्वारा 8,768 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।
दूसरा कथन सही है क्योंकि इस योजना को 29 नवंबर, 2023 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था, और यह विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (PVTG) और उनके आवासों को लाभ पहुंचाने के लिए नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों पर केंद्रित है।
तीसरा कथन सही है क्योंकि इस योजना से 18 राज्यों और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 220 जिलों में 28 लाख से अधिक आदिवासी लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

KredOZ IAS

**10. हाल ही में चर्चा में रहे, टोंकिन की खाड़ी किन देशों के बीच स्थित है?**

(a) भारत और श्रीलंका

(b) चीन और वियतनाम

(c) जापान और फिलीपींस

(d) म्यांमार और थाईलैंड

**उत्तर: (b)** चीन और वियतनाम

**11. राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (NCSK) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है।
2. यह क्षेत्रीय दौरे, शिकायत निवारण, नीति समीक्षा करने के साथ सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का स्वतः संज्ञान ले सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (NCSK) की स्थापना 12 अगस्त 1994 को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अधिनियम, 1993 के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय के रूप में प्रारंभ में तीन वर्षों के लिये की गई थी।

हालाँकि इसको फरवरी 2004 तक विस्तारित किया गया था लेकिन इस अधिनियम के अप्रभावी होने के बाद 29 फरवरी 2004 से NCSK, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक गैर-सांविधिक निकाय के रूप में शामिल हुआ। अतः कथन 1 सही नहीं है।

NCSK क्षेत्र का दौरा, शिकायत निवारण, नीति समीक्षा के साथ सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का स्वतः संज्ञान लेता है और मंत्रालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। अतः कथन 2 सही है।

यह कल्याणकारी नीतियों की सिफारिश करने, मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में रोज़गार के निषेध अधिनियम, 2013 जैसे कानूनों की निगरानी करने एवं संबंधित शिकायतों की जाँच करने के साथ सर्वोच्च न्यायालय के फैसले (2023) के अनुसार सीवर में होने वाली मौतों (₹30 लाख) और विकलांगताओं (₹10-20 लाख ) के लिये मुआवजे को सुनिश्चित करने में भूमिका निभाता है।

**12. क्रिप्टोकरेंसी का प्राथमिक कार्य क्या है?**

(a) निवेश का एक डिजिटल रूप

(b) विनिमय का एक माध्यम और आभासी लेखा प्रणाली

(c) ऑनलाइन लेनदेन के लिए एक मंच

(d) एक प्रकार का डिजिटल वॉलेट

**उत्तर: (b)**

विनिमय का एक माध्यम और आभासी लेखा प्रणाली।

बिटकॉइन और एथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी, विनिमय के एक माध्यम के रूप में कार्य करती हैं, जिससे उपयोगकर्ता वस्तुओं और सेवाओं को खरीद और बेच सकते हैं। यह एक आभासी लेखा प्रणाली के रूप में भी काम करते हैं, जो ब्लॉकचेन नामक सार्वजनिक बहीखाते पर लेनदेन रिकॉर्ड करते हैं।




**13. हाल ही में चर्चा में रहे, अली आई लिगांग त्योहार किस जनजाति द्वारा मनाया जाता है?**

(a) गोंड (b) भील

(c) मिसिंग (d) संथाल

**उत्तर: (c)** मिसिंग



**14. केंद्रीय बजट 2025-2026 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई सीमा कंपनियों के लिए 74% से बढ़ाकर 100% कर दी गई है।

2. 2025-26 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4% पर लक्षित है।

3. नई कर व्यवस्था के तहत सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वाले व्यक्तियों को आयकर नहीं देना होगा।

4. उत्पादन में सुधार के लिए उत्तर प्रदेश में मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 4 (d) केवल 1, 3 और 4

**उत्तर: (a)**

कथन 1 सही है। केंद्रीय बजट 2025-2026 के अनुसार, भारत के भीतर प्रीमियम निवेश करने वाली कंपनियो के लिए बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई सीमा में 100% की वृद्धि की गई है।

कथन 2 सही है। केंद्रीय बजट 2025-2026 ने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद का 4.4% निर्धारित किया है, जो आर्थिक प्राथमिकताओं को संबोधित करते हुए राजकोषीय समेकन को बनाए रखने के सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है।

कथन 3 सही है। नई कर व्यवस्था के तहत सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वाले व्यक्तियों को आयकर नहीं देना होगा।

कथन 4 गलत है। मखाना बोर्ड बिहार में स्थापित किया जाएगा, यूपी में नहीं




**15. सार्वजनिक व्यय गुणवत्ता सूचकांक (QPE) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. QPE सूचकांक नीति आयोग द्वारा विकसित किया गया है।

2. यह सूचकांक पाँच प्रमुख संकेतकों पर आधारित है, जिसमें पूंजीगत व्यय से सकल घरेलू उत्पाद अनुपात भी शामिल है।

3. QPE सूचकांक कुल व्यय पर ध्यान केंद्रित करता है, व्यय की संरचना और दीर्घकालिक आर्थिक विकास पर इसके प्रभाव को अनदेखा करता है।

उपरोक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

**उत्तर: (a)**

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा लोक निधि के आवंटन की कुशलता का आकलन करने के उद्देश्य से सार्वजनिक व्यय गुणवत्ता सूचकांक (QPE) विकसित किया है। अतः कथन 1 सही नहीं है।

सूचकांक पाँच प्रमुख संकेतकों पर आधारित है: पूंजीगत व्यय से GDP अनुपात, राजस्व व्यय से पूंजीगत परिव्यय अनुपात, विकास व्यय से GDP अनुपात, कुल सरकारी व्यय के हिस्से के रूप में विकास व्यय और कुल व्यय अनुपात में ब्याज भुगतान। अतः कथन 2 सही है।

केवल कुल व्यय पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सूचकांक के माध्यम से व्यय की संरचना और दीर्घकालिक आर्थिक संवृद्धि और विकास पर इसके प्रभाव का विश्लेषण भी किया जाएगा। अतः कथन 3 सही नहीं है।

**16. हाल ही में चर्चा में रही, बे ऑफ बंगाल प्रोग्राम इंटर-गवर्नमेंटल ऑर्गेनाइजेशन (BOBP-IGO) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1995 (b) 2003

(c) 2010 (d) 2015

**उत्तर: (b)** 2003

kredoz IAS

**17. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह महत्वपूर्ण दवाओं की कुछ विशेष श्रेणियों के लिए लाइसेंस देने के लिए जिम्मेदार है।

2. दवाओं के आयात, नई दवाओं की मंजूरी और नैदानिक परीक्षणों पर इसका नियामक नियंत्रण भी है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) दोनों

(d) कोई नहीं

**उत्तर: (d)**

कथन 1 सही है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) महत्वपूर्ण दवाओं की कुछ विशेष श्रेणियों के लिए लाइसेंस देने के लिए जिम्मेदार है।

कथन 2 सही है। यह दवाओं के आयात, नई दवाओं की मंजूरी और नैदानिक परीक्षणों पर नियामक नियंत्रण भी रखता है

**18. समाचारों में चर्चित नई दिल्ली मेटैलो-बीटा-लैक्टामेज़ 1, को किस रूप में परिभाषित किया जाता है?**

(a) यह टीका प्रतिजैविक-प्रतिरोधी जीवाणु से लड़ने के लिये विकसित किया गया है।

(b) यह एक एंज़ाइम है जो जीवाणु को अनेक एंटीबायोटिक (प्रतिजैविक) दवाओं के प्रति प्रतिरोधी बनाता है।

(c) यह एक प्रकार का जीवाणु है जो गंभीर श्वसन संक्रमण का कारण बनता है।

(d) यह केवल वायरस (विषाणु) में पाया जाने वाला जीन है जो उनकी प्रतिकृति में वृद्धि करता है।

**उत्तर: (b)**

नई दिल्ली मेटैलो-बीटा-लैक्टामेज़ 1, एक एंज़ाइम है जो बैक्टीरिया (जीवाणु) को बीटा-लैक्टम एंटीबायोटिक दवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के प्रति प्रतिरोधी बना देता है, जिसमें कार्बापेनेम्स भी शामिल है, जो प्रतिजैविक-प्रतिरोधी संक्रमणों के इलाज़ के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

NDM-1 को कोड करने वाला जीन, कार्बापेनेमेस नामक बीटा-लैक्टामेज एंज़ाइम के उत्पादन के लिये ज़िम्मेदार जीनों के एक व्यापक परिवार से संबंधित है।

इन एंज़ाइमों का उत्पादन करने वाले बैक्टीरिया को मीडिया में अक्सर "सुपरबग" कहा जाता है, क्योंकि इनके उपचार में चुनौतियाँ सामने आती हैं।

अतः विकल्प B सही है।

**19. हाल ही में चर्चा में रहे, "स्टैगफ्लेशन" (Stagflation) किस स्थिति को दर्शाता है?**

(a) उच्च विकास दर और निम्न मुद्रास्फीति

(b) उच्च मुद्रास्फीति, आर्थिक मंदी और उच्च बेरोजगारी

(c) स्थिर आर्थिक विकास और शून्य मुद्रास्फीति

(d) केवल बेरोजगारी में वृद्धि

**उत्तर: (b)** उच्च मुद्रास्फीति, आर्थिक मंदी और उच्च बेरोजगारी






**20. यूपीआई किन देशों में पूरी तरह कार्यात्मक है?**

(a) यूएई, भूटान और सिंगापुर

(b) नेपाल, मॉरीशस और फ्रांस

(c) श्रीलंका, मालदीव और बांग्लादेश

(d) यूएसए, यूके और ऑस्ट्रेलिया

**उत्तर: (a)**

यूपीआई यूएई, भूटान और सिंगापुर में पूरी तरह कार्यात्मक है, नेपाल, मॉरीशस, फ्रांस और श्रीलंका में पायलट परीक्षण पूरे हो चुके हैं, जहां जल्द ही वाणिज्यिक तैनाती की उम्मीद है

**21. जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसलों के पर्यावरणीय उपयोग हेतु जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति की मंजूरी अनिवार्य नहीं है।
2. यह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्यरत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (d)**

जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति
आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसलों के पर्यावरणीय विमोचन के लिये जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जीईएसी) की मंजूरी अनिवार्य है। अतः कथन 1 सही नहीं है। यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) के अधीन कार्य करता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।
समिति प्रायोगिक क्षेत्र परीक्षणों सहित आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों और उत्पादों को पर्यावरण में छोड़ने से संबंधित प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिये भी ज़िम्मेदार है। इसकी अध्यक्षता पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के विशेष सचिव/अतिरिक्त सचिव करते हैं तथा सह-अध्यक्षता जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) के प्रतिनिधि करते हैं।

**22. हाल ही में चर्चा में रहे, "वी. ओ. चिदंबरनार पोर्ट" (V.O. Chidambaranar Port) किस राज्य में स्थित है?**

(a) महाराष्ट्र (b) तमिलनाडु
(c) केरल (d) आंध्र प्रदेश

**उत्तर: (b)** तमिलनाडु

**23. कैंसर के उपचार के लिए जीन साइलेंसिंग थेरेपी विकसित करने के लिए किस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है?**

(a) CRISPR-Cas9 (b) RNA इंटरफेरेंस (RNAi)
(c) जीन एडिटिंग (d) इम्यूनोथेरेपी

**उत्तर: (b)**

कैंसर के उपचार के लिए जीन साइलेंसिंग थेरेपी विकसित करने के लिए RNA इंटरफेरेंस (RNAi) तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। RNAi कैंसर के विकास और प्रगति में शामिल विशिष्ट जीन को शांत करके काम करता है, जिससे ट्यूमर का विकास बाधित होता है।

**24. कभी-कभी समाचारों में रहने वाला उन्नत सांभा महसूरी निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(a) गेहूँ की एक उच्च उपज देने वाली किस्म
(b) जीवाणुजनित झुलसा के प्रति प्रतिरोधी चावल की किस्म
(c) मछली की एक नई खोजी गई प्रजाति
(d) दक्षिण भारत में लोक नृत्य का एक पारंपरिक रूप

**उत्तर: (b)**

उन्नत सांभा महसूरी (ISM) एक जीवाणुजनित झुलसा प्रतिरोधी चावल किस्म है, जिसे ICAR-भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान (ICAR-IIRR) और CSIR-कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र (CCMB), हैदराबाद द्वारा आणविक मार्कर-सहायता प्राप्त चयन के माध्यम से विकसित किया गया है।

इसमें तीन प्रमुख प्रतिरोधी जीन हैं - Xa21, xa13, और xa5 - जिन्हें आणविक मार्कर-आधारित प्रौद्योगिकी का उपयोग करके शामिल किया गया है, जिससे यह जीवाणुजनित ब्लाइट रोग के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधी है।

इसके अतिरिक्त, ISM में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (50.9) होने की पुष्टि की गई है, जो इसे एक स्वास्थ्यवर्धक चावल का विकल्प बनाता है।

भारत के पहले जैव प्रौद्योगिकी-व्युत्पन्न कृषि उत्पादों में से एक के रूप में, इसे पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के तहत पंजीकृत किया गया है।

अतः विकल्प B सही है।

**25. हाल ही में चर्चा में रहे, "परोव्स्काइट-आधारित एलईडी" (PeLEDs) का मुख्य उपयोग क्या है?**

(a) कृषि उपकरण

(b) उच्च गुणवत्ता वाली प्रकाश व्यवस्था

(c) जल शुद्धिकरण

(d) चिकित्सा उपकरण

**उत्तर: (b)** उच्च गुणवत्ता वाली प्रकाश व्यवस्था

**26. माउंट तरानाकी से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक विशिष्ट सममित संरचना वाला एक स्ट्रेटो ज्वालामुखी है।
2. इसका निर्माण ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के नीचे प्रशांत प्लेट के अंतः ग्रसन से हुआ था।
3. हाल ही में इसे लीगल पर्सनहुड का दर्जा दिया गया है।

उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई भी नहीं

**उत्तर: (c)**

माउंट तरानाकी, एक आकर्षक स्ट्रेटोवोलकैनो जो अपने लगभग पूर्ण सममित आकार के लिये जाना जाता है, न्यूज़ीलैंड के सबसे प्रतिष्ठित प्राकृतिक स्थलों में से एक है। अतः कथन 1 सही है।

इसका निर्माण प्रशांत प्लेट के ऑस्ट्रेलियाई प्लेट के नीचे अंतः ग्रसन के परिणामस्वरूप हुआ था, यह एक भूवैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसने इस क्षेत्र के अधिकांश परिदृश्य को आकार दिया है। अतः कथन 2 सही है।

प्रसुप्त होने के बावजूद, माउंट तरानाकी की बर्फ से आच्छादित चोटी एक प्रमुख विशेषता बनी हुई है, जो पर्वतारोहियों, शोधकर्त्ताओं और पर्यटकों को समान रूप से आकर्षित करती है।

इसका सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्त्व बहुत अधिक है। हाल ही में विधिक मान्यता के अंतर्गत इसे लीगल पर्सनहुड का दर्जा दिया है, जिससे स्वदेशी और पर्यावरणीय कानूनों के तहत इसकी सुरक्षा मज़बूत हुई है। अतः कथन 3 सही है।

दक्षिणी आल्प्स में स्थित एओराकी/माउंट कुक (3724 मीटर) न्यूज़ीलैंड का सबसे ऊँचा पर्वत है, जबकि माउंट तस्मान (3,497 मीटर) दूसरा सबसे ऊँचा पर्वत है।

**27. इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 अप्रैल, 2023 को प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगांठ के दौरान लॉन्च किया था।
2. IBCA का मुख्य उद्देश्य पाँच प्रमुख बड़ी बिल्ली बाघ, शेर, तेंदुआ, चीता और प्यूमा प्रजातियों का संरक्षण करना है।
3. IBCA का मुख्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका में है।
4. अब तक, भारत सहित 27 देश IBCA में शामिल हो चुके हैं।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 4

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 1, 3 और 4

**उत्तर: (b)**

कथन 1 सही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 अप्रैल, 2023 को प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर बिग कैट अलायंस (IBCA) की शुरुआत की थी।

कथन 2 गलत है। IBCA का उद्देश्य केवल पाँच नहीं, बल्कि बड़ी बिल्ली प्रजाति के सात जानवरों बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा का संरक्षण करना और उन्हें बचाना है।

KredoZ IAS

कथन 3 गलत है। IBCA का मुख्यालय भारत में है, न कि संयुक्त राज्य अमेरिका में।

कथन 4 सही है। अब तक, भारत सहित 27 देश IBCA में शामिल होने के लिए सहमत हो चुके हैं।

**28. हिमाचल प्रदेश सरकार ने हाल ही में किस फसल की खेती के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है?**

(a) अफीम (Opium)

(b) भांग (cannabis)

(c) तंबाकू

(d) चाय

**उत्तर: (b)** भांग (cannabis)

**29. स्वावलंबिनी कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे नीति आयोग के सहयोग से पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. यह एक महिला उद्यमिता कार्यक्रम है जिसे पूर्वोत्तर उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)**

एक्सप : कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) ने नीति आयोग के सहयोग से असम, मेघालय और मिज़ोरम में "स्वावलंबिनी" कार्यक्रम शुरू किया। अतः कथन 1 सही नहीं है। भारतीय उद्यमिता संस्थान (IIE), गुवाहाटी और नीति आयोग के साथ साझेदारी में, MSDE ने चरण-वार उद्यमशीलता प्रक्रिया शुरू की।

इसमें उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (EAP), महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP), संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) और वित्तपोषण के अवसर शामिल हैं।

स्वावलंबिनी एक महिला उद्यमिता कार्यक्रम है जिसे पूर्वोत्तर उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) में महिलाओं को उद्यमी मानसिकता, संसाधन और सलाह के साथ सशक्त बनाने के लिये डिज़ाइन किया गया है ताकि उन्हें व्यवसाय में सफल होने में मदद मिल सके। अतः कथन 2 सही है।




**30. Marine Heatwave (MHW) की मुख्य विशेषता क्या है?**

(a) समुद्र की सतह के तापमान में अचानक गिरावट

(b) समुद्र की सतह के तापमान में औसत से 1-2°C का वृद्धि

(c) समुद्र की सतह के तापमान में औसत से 3-4°C का वृद्धि, जो कम से कम पांच लगातार दिनों तक रहती है

(d) महासागर प्रवाह में परिवर्तन

**उत्तर: (c)**

Marine heatwaves को सामान्यतः समुद्र की सतह के तापमान में 3-4°C की असामान्य वृद्धि के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो कम से कम पांच लगातार दिनों तक रहती है।

**31. RBI ने हाल ही में बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ाने के लिए कौन सा कदम उठाया है?**

(a) स्वैप नीलामी

(b) ओपन मार्केट ऑपरेशन (OMO)

(c) वेरिएबल रेट रेपो (VRR) नीलामी

(d) उपरोक्त सभी

**उत्तर: (d)** उपरोक्त सभी

**32. चाबहार पोर्ट के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह ईरान का तीसरा पोर्ट है, जिसका महासागर तक सीधा संपर्क है।
2. यह पोर्ट भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मध्य एशियाई देशों के साथ संबंधों को बढ़ाने में मदद करेगा।
3. यह ओमान की खाड़ी में स्थित है।

उपर्युक्त में से कौन-सी/कौन-सी कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**






कथन 1 गलत है। चाबहार ईरान का एकमात्र पोर्ट है, जिसका महासागर तक सीधा संपर्क है, जबकि अन्य ईरानी पोर्ट्स फारसी खाड़ी में स्थित हैं।

कथन 2 सही है। चाबहार भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पाकिस्तान को बायपास करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया के साथ व्यापार को बढ़ावा देता है।

कथन 3 सही है। चाबहार ओमान की खाड़ी में स्थित है।

**33. LLM का उपयोग किस लिए किया जाता है**

(a) केवल भाषा अनुवाद के लिए

(b) टेक्स्ट जनरेशन, भाषा अनुवाद और सारांशित करने के लिए

(c) केवल डेटा विश्लेषण के लिए

(d) केवल चित्रों को पहचानने के लिए

**उत्तर: (b)** टेक्स्ट जनरेशन, भाषा अनुवाद और सारांशित करने के लिए

**34. भारत द्वारा COP26 में घोषित "पंचामृत" लक्ष्यों के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत के जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धताओं के बारे में सही है?**

(a) 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना, 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता को 500 GW तक बढ़ाना, और 2030 तक ऊर्जा की 50% आवश्यकता को नवीकरणीय स्रोतों से पूरा करने का लक्ष्य रखना।

(b) 2025 तक 1 अरब टन कार्बन उत्सर्जन को घटाना, 2030 तक 100% नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करना, और 2050 तक शुद्ध-शून्य प्राप्त करना।

(c) 2030 तक कार्बन तीव्रता को 25% घटाना, 2030 तक 200 GW सौर ऊर्जा स्थापित करना, और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को 50% कम करना।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**उत्तर: (a)**

"पंचामृत" भारत द्वारा COP26 में घोषित पांच बिंदु जलवायु परिवर्तन रणनीति को संदर्भित करता है, जिसमें शामिल हैं:

1. 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना।
2. 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता को 500 GW तक बढ़ाना।
3. 2030 तक ऊर्जा की 50% आवश्यकता को नवीकरणीय स्रोतों से पूरा करने का लक्ष्य।
4. 2030 तक 1 अरब टन कार्बन उत्सर्जन को घटाना।

**35. हाल ही में चर्चा में रहे, मानव में होने वाले अफ्रीकी ट्रिपैनोसोमाइसिस बीमारी को और किस नाम से जाना जाता है?**

(a) मलेरिया

(b) नींद की बीमारी

(c) डेंगू

(d) चेचक

**उत्तर: (b)** नींद की बीमारी

**36. शून्य विवाह क्या है?**

(a) एक शादी जो वैध है लेकिन जिसे कोर्ट के आदेश से रद्द किया जा सकता है

(b) एक शादी जो शुरुआत से ही अवैध मानी जाती है और जिसका कोई कानूनी अस्तित्व नहीं होता

(c) एक शादी जो वैध है लेकिन जिसमें कुछ कानूनी प्रतिबंध हैं

(d) एक शादी जो केवल विशेष उद्देश्यों के लिए वैध होती है

**उत्तर: (b)**

एक वॉयड शादी शुरुआत से ही अवैध मानी जाती है और इसका कोई कानूनी अस्तित्व नहीं होता।

**37. इच्छामृत्यु के लिए कौन सी शर्त अनिवार्य है?**

(a) मरीज को लाइलाज बीमारी होनी चाहिए

(b) मरीज को पूरी तरह स्वस्थ होना चाहिए

(c) मरीज को मानसिक रूप से बीमार होना चाहिए

(d) मरीज को 60 वर्ष से अधिक उम्र का होना चाहिए

**उत्तर: (a)** मरीज को लाइलाज बीमारी होनी चाहिए

**38. ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स 2025 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स मर्सर मेटल कंपनी द्वारा जारी किया गया।

2. रिपोर्ट में 2023 से 2024 तक भारत में ग्रेजुएट रोजगार क्षमता में 2% की गिरावट दर्ज की गई।

3. सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में, दिल्ली सबसे अधिक रोजगार योग्य क्षेत्र के रूप में उभरा है।

कितने कथन सही हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

**उत्तर: (c)**

कथन 1 सही है। हाल ही में, मर्सर मेटल कंपनी द्वारा जारी ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स ने भारतीय स्नातकों की घटती रोजगार क्षमता पर चिंता जताई है।

कथन 2 सही है। ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स 2025 का सबसे चौंकाने वाला खुलासा ग्रेजुएट रोजगार क्षमता में 2% की गिरावट है।

कथन 3 सही है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में, दिल्ली 53.4% के रोजगार योग्यता स्कोर के साथ सबसे अधिक रोजगार योग्य क्षेत्र के रूप में उभरा है।

**39. हाल ही में, भारत में किस राज्य ने इच्छामृत्यु के नियमों को लागू करने का कदम उठाया है?**

(a) महाराष्ट्र

(b) कर्नाटक

(c) तमिलनाडु

(d) केरल

**उत्तर: (b)** कर्नाटक

**40. भारत-अमेरिका TRUST पहल का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(a) भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को बढ़ावा देना

(b) चीन के महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला पर प्रभुत्व को चुनौती देना

(c) रक्षा और सुरक्षा में सहयोग को बढ़ावा देना

(d) नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश को बढ़ावा देना उत्तर: b

**उत्तर: (b)**

ट्रस्ट पहल का उद्देश्य लिथियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (आरईई) सहित महत्वपूर्ण खनिजों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला में चीन के प्रभुत्व को कम करना है।

**41. हाल ही में चर्चा में रहे, कुर्दिस्तान क्षेत्र किस पर्वत श्रृंखला के पास है?**

(a) हिमालय

(b) अल्प्स

(c) जाग्रोस

(d) एंडीज

KredoZ IAS

**उत्तर: (c)** जाग्रोस

**42. निम्नलिखित में से कौन सा पारस्परिक टैरिफ का वैश्विक व्यापार पर सबसे अच्छा आर्थिक प्रभाव हो सकता है?**

(a) देशों के बीच शुल्क मुक्त व्यापार को बढ़ावा देना

(b) वैश्विक वस्त्र बाजारों में मूल्य में उतार-चढ़ाव को कम करना

(c) बहुपक्षीय व्यापार समझौतों और WTO-नेतृत्व वाले वार्ता को बढ़ावा देना

(d) सुरक्षा उपायों में वृद्धि और संभावित व्यापार युद्ध

**उत्तर: (d)**

पारस्परिक टैरिफ अक्सर संरक्षणवाद की ओर ले जाते हैं, जहाँ देश जवाबी टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई करते हैं, जिससे व्यापार तनाव बढ़ता है। इसका परिणाम व्यापार युद्ध होता है, जैसा कि यू.एस.-चीन व्यापार युद्ध (2018-2020) में देखा गया, जिसने वैश्विक व्यापार को बाधित किया। ये उपाय बहुपक्षीय व्यापार समझौतों और WTO के नेतृत्व वाली वार्ता को कमजोर कर सकते हैं जबकि मूल्य अस्थिरता को कम करने के बजाय बाजार में अनिश्चितता पैदा करते हैं।

**43. आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारत में AI का सबसे अधिक प्रभाव किस क्षेत्र पर पड़ेगा?**

(a) कृषि

(b) निर्माण क्षेत्र

(c) शिक्षा क्षेत्र

(d) सेवा क्षेत्र

**उत्तर: (d)** सेवा क्षेत्र

**44. घड़ियाल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. मध्य प्रदेश भारत की 80% से अधिक घड़ियाल आबादी का घर है।

2. घड़ियाल मुख्य रूप से खारे पानी के आवासों में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) दोनों

(d) कोई नहीं

**उत्तर: (a)**

कथन 1 सही है: मध्य प्रदेश, विशेष रूप से राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, भारत की 80% से अधिक घड़ियाल आबादी का घर है और संरक्षण पहलों का नेतृत्व कर रहा है।

कथन 2 गलत है: घड़ियाल मीठे पानी के आवासों में पाए जाते हैं, खारे पानी में नहीं। इसके अतिरिक्त, बल्बनुमा थूथन नर घड़ियालों की विशेषता है।

**45. आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, वैश्विक भौगोलिक-आर्थिक विखंडन का मुख्य कारण क्या है?**

(a) बढ़ता व्यापार

(b) राजनीतिक तनाव

(c) तकनीकी विकास

(d) जलवायु परिवर्तन

**उत्तर: (b)** राजनीतिक तनाव

**46. अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ मामला किस मुख्य मुद्दे से सम्बंधित था?**

(a) सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति

(b) भारत के राष्ट्रपति का चुनाव

(c) मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों (ECs) की नियुक्ति

(d) एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन

**उत्तर: (c)**

अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ के मामले में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय मुख्य रूप से मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों (ECs) की नियुक्ति की प्रक्रिया से संबंधित था। न्यायालय ने निर्देश दिया कि भारत के राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और CJI वाली चयन समिति से परामर्श करने के बाद CEC और ECs की नियुक्ति करनी चाहिए।

KredoZ IAS

**47. आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, भारतीय कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार का आकार विश्व के अन्य देशों की तुलना में कैसा है?**

(a) बहुत बड़ा (b) बहुत छोटा

(c) औसत (d) लगातार बढ़ रहा है

**उत्तर: (b)** बहुत छोटा

**48. प्रोजेक्ट चीता के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. प्रोजेक्ट चीता भारत सरकार द्वारा 1952 में भारत में विलुप्त हो चुके चीतों को फिर से लाने की एक पहल है।

2. यह परियोजना 2020 में दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आने के साथ शुरू हुई।

3. प्रोजेक्ट चीता का एक लक्ष्य पर्यटन को बढ़ावा देना और उन क्षेत्रों में पारिस्थितिक संतुलन बहाल करना है जहाँ चीतों को फिर से लाया जा रहा है।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 (b) 1 और 3

(c) तीनों (d) केवल 3

**उत्तर: (b)**

कथन 1: सही है। प्रोजेक्ट चीता 1952 से भारत में विलुप्त हो चुके चीतों को अफ्रीका से आयात करके फिर से लाने की एक पहल है।

कथन 2: गलत है। यह परियोजना 2020 में नहीं बल्कि 2022 में शुरू हुई थी, जिसमें नामीबिया से चीते आए थे।

कथन 3: सही। प्रोजेक्ट चीता का एक प्राथमिक लक्ष्य पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करना और उन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देना है जहाँ चीते छोड़े जाते हैं।

**49. हाल ही में चर्चा में रहे, "ऑन्कोसर्कायिसिस" बीमारी किसके काटने से फैलता है?**

(a) मच्छर (b) मक्खी

(c) पिस्सू (d) ब्लैक फ्लाई

**उत्तर: (d)** ब्लैक फ्लाई

**50. भारत के ऊर्जा मिश्रण में 2030 तक प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य क्या है?**

(a) 10% (b) 12%

(c) 15% (d) 20%

**उत्तर: (c)** 15%

**51. ज्ञान भारत मिशन किस मंत्रालय के अंतर्गत आता है?**

(a) संस्कृति मंत्रालय

(b) शिक्षा मंत्रालय

(c) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

(d) सूचना और प्रसारण मंत्रालय

**उत्तर: (a)** संस्कृति मंत्रालय

**52. SPHEREx मिशन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

NASA द्वारा लॉन्च किए गए SPHEREx मिशन का उद्देश्य मिल्की वे आकाशगंगा में ब्रह्मांडीय प्रसार, तारा निर्माण और जीवन बनाने वाले अणुओं का अध्ययन करना है।

SPHEREx केवल प्रकाशीय प्रकाश का पता लगाकर ब्रह्मांड का अत्यधिक विस्तृत माप करेगा, जो आकाशगंगाओं के निर्माण और विकास को समझने में मदद करेगा।

SPHEREx मिशन ब्रह्मांड के विस्तार को समझने के लिए 450 मिलियन आकाशगंगाओं की 3D स्थिति को मापेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) सभी तीन

**उत्तर: (b)**

कथन 1 सही है: SPHEREx मिल्की वे आकाशगंगा में ब्रह्मांडीय मुद्रास्फीति, तारा निर्माण और जीवन बनाने वाले अणुओं का अध्ययन करेगा।

कथन 2 गलत है: SPHEREx ब्रह्मांड का मानचित्रण करने के लिए केवल ऑप्टिकल प्रकाश ही नहीं, बल्कि ऑप्टिकल और अवरक्त प्रकाश दोनों का पता लगाएगा।

KredoIAS

कथन 3 सही है: SPHEREx ब्रह्मांड के विस्तार के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 450 मिलियन आकाशगंगाओं की 3D स्थिति को मापेगा।

**53. हाल ही में चर्चा में रहे, "आधार अधिनियम, 2016" के तहत आधार का उपयोग किसके लिए किया जा सकता है?**

(a) केवल सरकारी योजनाओं के लिए

(b) सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं दोनों के लिए

(c) केवल निजी कंपनियों के लिए

(d) केवल बैंकिंग सेवाओं के लिए

**उत्तर: (b)** सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं दोनों के लिए

**54. समाचारों में अक्सर देखा जाने वाला शब्द 'बेगर-दाय-नेबर पॉलिसी' का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

(a) ऐसी नीति जिसमें कोई देश अन्य देशों के आर्थिक हितों का शोषण या उन्हें हानि पहुँचाकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का प्रयास करता है।

(b) ऐसी नीति जिसमें कोई देश अन्य देशों के आर्थिक हितों का शोषण या उन्हें हानि पहुँचाकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का प्रयास करता है।

(c) वैश्विक व्यापार सहयोग को बढ़ावा देने और व्यापार बाधाओं को समाप्त करने वाली नीति।

(d) पड़ोसी देशों के बीच व्यापार समझौता जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय आर्थिक स्थिरता को बढ़ाना है।

**उत्तर: (a)**

'बेगर-दाय-नेबर पॉलिसी':

'बेगर-दाय-नेबर पॉलिसी: यह एक संरक्षणवादी रणनीति है जिसमें अन्य देशों को प्रभावित करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने हेतु व्यापार अवरोधों, मुद्रा अवमूल्यन और सब्सिडी जैसे उपाय करना शामिल है।

यह शब्द सर्वप्रथम एडम स्मिथ द्वारा द वेल्थ ऑफ नेशंस (1776) पुस्तक में सृष्ट किया गया था। इस रचना में स्मिथ ने ऐसे वाणिज्यवाद की आलोचना की जिससे अन्य वर्ग निर्धन हो जाता है और सभी देशों के लाभ के लिये मुक्त व्यापार किये जाने पर ज़ोर दिया।

अमेरिका ने 'बेगर-दाय-नेबर पॉलिसी (Beggar-thy-Neighbour) के तहत चीन, कनाडा और मैक्सिको से होने वाले आयात पर प्रशुल्क लगाया।

अतः विकल्प A सही है।

**55. आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था किस ओर बढ़ रही है?**

(a) तीव्र वैश्वीकरण की ओर

(b) भौगोलिक-आर्थिक विखंडन की ओर

(c) आत्मनिर्भरता की ओर

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (b)** भौगोलिक-आर्थिक विखंडन की ओर

**56. हाल ही में चर्चा में रहे, "सुज़ेट्रिजिन" जिसे अमेरिकी FDA द्वारा गैर-ओपिओइड दवाई के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई है, का उपयोग किसके लिए किया जाता है?**

(a) दर्द को कम करने के लिए

(b) बुखार को कम करने के लिए

(c) कैंसर के इलाज के लिए

(d) दिल की बीमारियों के इलाज के लिए

**उत्तर: (a)** दर्द को कम करने के लिए

**57. निम्नलिखित में से कौन सा DDoS (डिस्ट्रिब्यूटेड डेनियल-ऑफ-सर्विस) हमले का सबसे बेहतर वर्णन करता है?**

(a) यह साइबर हमले का एक प्रकार है, जिसका उद्देश्य किसी संगठन के डेटाबेस से संवेदनशील डेटा चुराना है।

(b) यह पीड़ित के कंप्यूटर की फाइलों को एन्क्रिप्ट करने तथा डिक्रिप्शन के लिए फिरौती मांगने की एक विधि है।

(c) यह भारी मात्रा में ट्रैफिक द्वारा किसी ऑनलाइन सेवा को अनुपलब्ध बनाने के प्रयास से संबंधित है।

(d) यह फिशिंग के माध्यम से किसी सिस्टम तक अनधिकृत दूरस्थ पहुँच प्राप्त करने के क्रम में हैकर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली तकनीक है।

उत्तर: C

व्याख्या

DDoS (डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल-ऑफ-सेवा) हमला एक अद्वितीय प्रयास है जिसका उद्देश्य लक्षित सर्वर, सेवा, या नेटवर्क के सामान्य कार्य को बाधित करना है, जिसे अत्यधिक इंटरनेट ट्रैफिक से अभिभूत कर दिया जाता है।

यह एक प्रकार का साइबर अपराध है जो उपयोगकर्त्ताओं को ऑनलाइन सेवाओं और वेबसाइटों तक पहुँचने से रोकने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

यह हमले कई हैक किये गए कंप्यूटर सिस्टमों का उपयोग करते हैं ताकि हमला ट्रैफिक उत्पन्न किया जा सके, जिसमें अक्सर केवल कंप्यूटर ही नहीं, बल्कि अन्य नेटवर्क उपकरण जैसे IoT सिस्टम्स भी शामिल होते हैं।

अन्य साइबर हमलों के विपरीत जो सुरक्षा व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करते हैं, DDoS हमले वेबसाइटों और सर्वरों को वैध उपयोगकर्त्ताओं के लिये अनुपलब्ध बना देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो उनके इन्फ्रास्ट्रक्चर को अधिक लोड करके किया जाता है।

अतः विकल्प C सही है।

**58. हाल ही में हुए एक अध्ययन के अनुसार, भारत के बाघों का क्षेत्रफल कितना बढ़ा है?**

(a) 10%

(b) 20%

(c) 30%

(d) 40%

**उत्तर: (c)** 30%

**59. हाल ही में चर्चा में रहे, पॉइंट नेमो कहाँ स्थित है?**

(a) हिंद महासागर

(b) प्रशांत महासागर

(c) अटलांटिक महासागर

(d) आर्कटिक महासागर

**उत्तर: (b)** प्रशांत महासागर

**60. हाल ही में चर्चा में रहे, "धीमसा" किस राज्य का एक लोक नृत्य है?**

(a) राजस्थान

(b) उत्तर प्रदेश

(c) आंध्र प्रदेश

(d) मध्य प्रदेश

**उत्तर: (c)** आंध्र प्रदेश

**61. अंतर्राष्ट्रीय पहल के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रायोगिक उन्नत सुपरकंडक्टिंग टोकामैक (EAST) ITER पहल का हिस्सा है।
2. भारत 34 अन्य देशों के साथ ITER का सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (c)**

प्रायोगिक उन्नत सुपरकंडक्टिंग टोकामैक (EAST) अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर (ITER) पहल का एक हिस्सा है, जो वर्ष 2035 तक चालू होने पर विश्व का सबसे बड़ा संलयन रिएक्टर होगा। अतः कथन 1 सही है।

वर्ष 1985 में स्थापित ITER, फ्राँस में स्थित 35 देशों का एक सहयोग है। इसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर कार्बन मुक्त ऊर्जा स्रोत के रूप में संलयन की व्यवहार्यता को प्रदर्शित करने के लिये विश्व का सबसे बड़ा टोकामैक बनाना है ।

इसके सदस्यों में चीन, यूरोपीय संघ, भारत, जापान, कोरिया, रूस और अमेरिका शामिल हैं। अतः कथन 2 सही है।

**62. हाल ही में चर्चा में रहे, "अनुमानित कराधान व्यवस्था" का उद्देश्य क्या है?**

(a) करदाताओं पर अधिक बोझ डालना

(b) करदाताओं के लिए अनुपालन बोझ कम करना

Kredoz IAS

(c) कर दरों में वृद्धि करना

(d) केवल बड़े उद्योगों पर कर लगाना

**उत्तर: (b)** करदाताओं के लिए अनुपालन बोझ कम करना

**63. केन्द्रीय बजट-2025-26 के अनुसार, भारत में किस प्रकार के कपास का उत्पादन सर्वाधिक होता है?**

(a) एक्स्ट्रा लॉन्ग स्टेपल कपास

(b) मध्यम स्टेपल कपास

(c) शॉर्ट स्टेपल कपास

(d) सभी प्रकार का समान रूप से

**उत्तर: (b)** मध्यम स्टेपल कपास

**64. हाल ही में चर्चा में रहे, "भारत रणभूमि दर्शन" में कितने स्थलों को शामिल किया गया है?**

(a) 50

(b) 60

(c) 70

(d) 77

**उत्तर: (d)** 77

**65. डिजिटल भुगतान में टोकनीकरण के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

यह वास्तविक कार्ड विवरण के स्थान पर एक अद्वितीय कोड या "टोकन" देता है, जो लेनदेन के दौरान एक सुरक्षित पहचानकर्त्ता के रूप में कार्य करता है।

टोकन व्यापारियों को संवेदनशील कार्ड विवरण संग्रहीत करने से रोकते हैं, तथा सुरक्षा भंग होने की स्थिति में ग्राहकों की जानकारी सुरक्षित रखते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (c)**

टोकनाइज़ेशन:

भारत में कार्ड टोकनाइज़ेशन एक महत्त्वपूर्ण तकनीकी प्रगति बन गई है, जिससे डिजिटल भुगतान में सुरक्षा और ग्राहक सुविधा बढ़ गई है।

दिसंबर 2024 तक 91 करोड़ से अधिक टोकन जारी किये गए और लगभग 98% ई-कॉमर्स लेनदेन को वास्तविक कार्ड डेटा के बिना संसाधित करने में सक्षम बनाया गया, जिससे डेटा उल्लंघनों का जोखिम कम हो गया।

टोकनाइज़ेशन: यह वास्तविक कार्ड विवरण के स्थान पर एक अद्वितीय कोड या "टोकन" देता है, जो लेनदेन के दौरान एक सुरक्षित पहचानकर्त्ता के रूप में कार्य करता है। अतः कथन 1 सही है।

प्रकार: डिवाइस टोकेनाइज़ेशन (प्रत्येक डिवाइस के लिये विशिष्ट ) और कार्ड-ऑन-फाइल टोकेनाइज़ेशन (प्रत्येक व्यापारी के लिये विशिष्ट )।

टोकन व्यापारियों को संवेदनशील कार्ड विवरण संग्रहीत करने से रोकते हैं, तथा सुरक्षा भंग होने की स्थिति में ग्राहकों की जानकारी सुरक्षित रखते हैं। अतः कथन 2 सही है।

टोकनाइज़ेशन के ई-कॉमर्स से आगे बढ़कर संपर्क रहित भुगतान, आवर्ती लेनदेन और संभावित रूप से UPI-लिंक्ड क्रेडिट कार्ड भुगतान तक बढ़ने की उम्मीद है।

अक्तूबर 2022 में, RBI ने आदेश दिया कि व्यापारी और भुगतान प्रोसेसर अब ग्राहक कार्ड डेटा संग्रहीत नहीं करेंगे, पूरी तरह से टोकनाइज़ेशन पर निर्भर रहेंगे।

**66. पीएम गति शक्ति योजना में कौन-कौन शामिल हैं?**

(a) केवल केंद्र सरकार

(b) केवल राज्य सरकारें

(c) केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और निजी क्षेत्र

(d) केंद्र सरकार और राज्य सरकारें

**उत्तर: (c)** केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और निजी क्षेत्र

**67. पीएम गति शक्ति योजना के तहत निजी क्षेत्र को किस प्रकार का डेटा प्रदान किया जाएगा?**


(a) सभी डेटा मुक्त रूप से उपलब्ध कराया जाएगा

(b) विशिष्ट अनुरोधों के आधार पर डेटा प्रदान किया जाएगा

(c) डेटा का उपयोग निजी क्षेत्र के लिए प्रतिबंधित है

(d) केवल सरकारी एजेंसियों को ही डेटा तक पहुंच होगी

**उत्तर: (b)** विशिष्ट अनुरोधों के आधार पर डेटा प्रदान किया जाएगा



**68. चीन के चांग'ई-7 मिशन का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(a) चंद्रमा की सतह पर मानवयुक्त अभियान भेजना

(b) चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज करना

(c) चंद्रमा पर खनिजों की खोज करना

(d) चंद्रमा पर एक स्थायी उपनिवेश स्थापित करना

**उत्तर: (b)** चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज करना

**69. नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा वर्ष 2018 में शुरू किया गया था।
2. भारत ने वर्ष 2022 में तीसरे नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस की मेजबानी की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर: (b)**

नो मनी फॉर टेरर कॉन्फ्रेंस:

शुरुआत: इसे वर्ष 2018 में फ्राँस द्वारा शुरू किया गया था। अतः कथन 1 सही नहीं है।

उद्देश्य: इसका उद्देश्य आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

उप-विषय: इस सम्मेलन में 4 प्रमुख उप-विषयों के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने के वैश्विक प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया:

बहुपक्षीय सहयोग

आतंकवाद के वित्तपोषण के तरीके

वित्तीय समावेशन एवं जोखिम-आधारित दृष्टिकोण

आतंकवाद का वित्तपोषण एवं संगठित अपराध

यह सम्मेलन पहले पेरिस, फ्राँस (2018) में आयोजित किया गया था, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया (2019) और बाद में भारत (2022) में आयोजित किया गया था। अतः कथन 2 सही है।

**70. युगांडा में हाल ही में शुरू किया गया नया क्लिनिकल ट्रायल किसके लिए है?**

(a) इबोला वायरस के सभी प्रकारों के लिए

(b) सुडान प्रजाति के इबोला वायरस के लिए

(c) केवल बच्चों में होने वाले इबोला संक्रमण के लिए

(d) इबोला वायरस के उपचार के लिए

**उत्तर: (b)** सुडान प्रजाति के इबोला वायरस के लिए

**71. हाल ही में भोपाल प्रशासन ने भीख मांगने पर प्रतिबंध लगाया है: यह प्रतिबंध किस अधिनियम के तहत लगाया गया है?**

(a) भारतीय दंड संहिता

(b) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023

(c) भिखारी निवारण अधिनियम

(d) मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम

**उत्तर: (b)** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023

**72. हाल ही में चर्चा में रहे, चाहबहार बंदरगाह किस देश में स्थित है?**

(a) पाकिस्तान

(b) ईरान

(c) अफगानिस्तान

(d) तुर्कमेनिस्तान

**उत्तर: (b)** ईरान

**73. भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति (SIDE) रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा तैयार की जाती है?**

(a) नीति आयोग

(b) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)

(c) विकास अध्ययन केंद्र (CDS)

(d) भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (ICRIER)

**उत्तरः (d)**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के अध्ययन के आधार पर भारतीय अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (ICRIER) द्वारा तैयार की गई भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की स्थिति (SIDE) रिपोर्ट 2024, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है।

यह रिपोर्ट भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास, प्रदर्शन और प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान करती है, जिसमें डिजिटल बुनियादी ढाँचे, ई-कॉमर्स, डिजिटल भुगतान और विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी अपनाने जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है।

अतः विकल्प D सही है।

**74. हाल ही में चर्चा में रहे, 'ऋण-जीडीपी अनुपात' को राजकोषीय लक्ष्य के रूप में अपनाने के क्या लाभ हैं?**

(a) अधिक पारदर्शिता और लचीलापन

(b) वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप

(c) बेहतर राजकोषीय प्रबंधन

(d) उपरोक्त सभी

**उत्तर: (d)** उपरोक्त सभी

**75. एन.के. सिंह समिति ने किस अनुपात को राजकोषीय नीति के प्राथमिक लक्ष्य के रूप में सुझाया था?**

(a) राजस्व घाटा-जीडीपी अनुपात

(b) राजकोषीय घाटा-जीडीपी अनुपात

(c) ऋण-जीडीपी अनुपात

(d) चालू खाता घाटा-जीडीपी अनुपात

**उत्तर: (c)** ऋण-जीडीपी अनुपात

**76. खबरों में चर्चित बुडापेस्ट संधि और मारकेश वीआईपी संधि निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

(a) पर्यावरण संरक्षण

(b) व्यापार समझौते

(c) मानव अधिकार संरक्षण

(d) बौद्धिक संपदा अधिकार

**उत्तरः (d)**

वर्ष 1977 में अपनाई गई बुडापेस्ट संधि सूक्ष्मजीवों के लिये अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट प्रक्रिया पर केंद्रित है, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को जमा किये गए सूक्ष्मजीवों को पेटेंट आवेदनों के हिस्से के रूप में मान्यता प्रदान करने की आवश्यकता होती है, भले ही डिपॉजिटरी अथॉरिटी का स्थान कुछ भी हो। इससे पेटेंट सुरक्षा के लिये कई राष्ट्रीय प्राधिकरणों को सूक्ष्मजीवों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

इस बीच, 30 सितंबर, 2016 को लागू हुई मारकेश वीआईपी संधि, कॉपीराइट कानून में अपवाद स्थापित करके, अंधेपन या दृष्टि बाधित व्यक्तियों के लिये विशेष रूप से अनुकूलित पुस्तकों के उत्पादन और अंतर्राष्ट्रीय हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करती है।

अतः विकल्प D सही है।

**77. हाल ही में चर्चा में रहे, कालबेलिया समुदाय मुख्य रूप से किस राज्य से संबंधित है?**

(a) राजस्थान

KredoZ IAS

(b) मध्य प्रदेश

(c) गुजरात

(d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर: (a)** राजस्थान




**78. त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया जाना प्रस्तावित है?**

(a) कटक, ओडिशा

(b) ठाणे, महाराष्ट्र

(c) आनंद, गुजरात

(d) सीकर, राजस्थान

**उत्तर: (c)** आनंद, गुजरात

**79. भारत के त्रि-स्तरीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका निर्माण डॉ. होमी भाभा ने किया था।
2. इसका उद्देश्य भारत के सीमित यूरेनियम संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करना तथा थोरियम की क्षमता को अधिकतम करना है।
3. फास्ट ब्रीडर रिएक्टर परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के दूसरे चरण का हिस्सा हैं।

उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

**उत्तर: (c)**

भारत का त्रि-स्तरीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम डॉ. होमी भाभा द्वारा तैयार किया गया है। अतः कथन 1 सही है।

इसका उद्देश्य भारत के सीमित यूरेनियम संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करना तथा थोरियम की क्षमता को अधिकतम करना है। अतः कथन 2 सही है।

प्रथम चरण में विद्युत का उत्पादन, उपोत्पाद के रूप में प्लूटोनियम-239 (Pu-239) का उत्पादन किया, तथा दाबित भारी जल रिएक्टरों (PHWRs) में ईंधन के रूप में यूरेनियम (U-238) का प्रयोग किया जाता है।

दूसरे चरण में, फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (FBR) अधिक विखंडनीय सामग्री उत्पन्न करने के लिये Pu-239 का उपयोग कर यूरेनियम-238 को Pu-239 में परिवर्तित करते हैं तथा परमाणु ईंधन चक्र को बढ़ाते हैं। अतः कथन 3 सही है।

तीसरा चरण थोरियम-आधारित रिएक्टरों पर केंद्रित है, जिसमें थोरियम-232 का उपयोग करके यूरेनियम-233 का उत्पादन किया जाएगा, जो भारत की परमाणु ऊर्जा आवश्यकताओं के लिये एक सतत् दीर्घकालिक समाधान प्रदान करेगा।

**80. हाल ही में चर्चा में रहे "जेवन्स विरोधाभास" किससे संबंधित है?**

(a) ऊर्जा संरक्षण

(b) संसाधन उपयोग में वृद्धि

(c) आर्थिक विकास

(d) पर्यावरण प्रदूषण

**उत्तर: (b)** संसाधन उपयोग में वृद्धि

**81. GREAT योजना किस मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही है?**

(a) वित्त मंत्रालय

(b) कपड़ा मंत्रालय

kredoz IAS

(c) वाणिज्य मंत्रालय

(d) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**उत्तर: (b)** कपड़ा मंत्रालय

**82. हाल ही में समाचारों में चर्चित कोंडा वेदुरु बाँस, जिसे ग्रीन गोल्ड के नाम से भी जाना जाता है, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में मूल रूप से पाया जातव है?**

(a) पूर्वी घाट

(b) पूर्वोत्तर भारत

(c) पश्चिमी हिमालय की तलहटी

(d) काठियावाड़ क्षेत्र

**उत्तर: (a)**

कोंडा वेदुरु बाँस, जिसे ग्रीन गोल्ड के नाम से भी जाना जाता है, मूल रूप से पूर्वी घाट तथा गोदावरी नदी घाटी में पाया जाता है, जो आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ तक फैला हुआ है।

इस प्रजाति के बाँस के अंकुर कोंडा रेड्डी जनजाति का मुख्य भोजन हैं तथा यह अपने पोषण मूल्य के लिये जाने जाते हैं, क्योंकि इनमें प्रोटीन, अमीनो एसिड, विटामिन और आयरन प्रचुर मात्रा में होते हैं।

परंपरागत रूप से, जनजाति की महिलाओं द्वारा बाँस की टहनियों की कटाई की जाती हैं, जो उनके आहार का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

अतः विकल्प A सही है।

**83. हाल ही में चर्चा में रहे 'बेगर-थाई-नेबर' ('Beggar-thy-neighbour') नीति का एक उदाहरण कौन-सा है?**

(a) विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना

(b) व्यापार युद्ध और मुद्रा अवमूल्यन

(c) सामाजिक कल्याण योजनाओं को बढ़ाना

(d) तकनीकी नवाचार में निवेश करना

**उत्तर: (b)** व्यापार युद्ध और मुद्रा अवमूल्यन

**84. वर्तमान में राज्यों को केंद्र सरकार द्वारा करों में कितनी प्रतिशत हिस्सेदारी दी जाती है?**

(a) 32%

(b) 42%

(c) 41%

(d) 50%

**उत्तर: (c)** 41%

**85. शहरी चुनौती कोष के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस फंड का कोष ₹1 लाख करोड़ का है।
2. इसका उद्देश्य विकास केंद्र के रूप में शहरों, शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास तथा जल एवं स्वच्छता के अंतर्गत पहलों का समर्थन करना है।
3. कम से कम 50% वित्तपोषण बॉण्ड, बैंक ऋण या सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

**उत्तर: (c)**

केंद्रीय बजट 2025-26 में ₹1 लाख करोड़ के शहरी चुनौती कोष की घोषणा की गई है। अतः कथन 1 सही है।

इसका उद्देश्य 'शहरों को विकास केंद्र', 'शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास' और 'जल एवं स्वच्छता' के तहत पहलों का समर्थन करना है। अतः कथन 2 सही है।

इसके अतिरिक्त, यह कोष बैंक योग्य परियोजनाओं की लागत का 25% तक कवर करेगी, बशर्ते कि कम से कम 50% वित्तपोषण बॉण्ड, बैंक ऋण या सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। अतः कथन 3 सही है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ₹10,000 करोड़ का आवंटन प्रस्तावित किया गया है।

KredOz IAS

**86. हाल ही में चर्चा में रहे, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (NCSK) का कार्यकाल अब किस वर्ष तक बढ़ाया गया है?**

(a) 2032

(b) 2026

(c) 2027

(d) 2028

**उत्तर: (d)** 2028

**87. हाल ही में चर्चा में रहे, "USAID" की 2023 में सहायता प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में कौन शामिल था?**

(a) बांग्लादेश, श्रीलंका , पाकिस्तान

(b) यूक्रेन, इथियोपिया, जॉर्डन

(c) सूडान , यमन , इसराइल

(d) कांगो , सेनेगल , पेरुग्वे

**उत्तर: (b)** यूक्रेन, इथियोपिया, जॉर्डन






**88. ग्रामीण क्रेडिट स्कोर के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा ग्रामीण व्यक्तियों की ऋण-पात्रता का आकलन करने के लिये विकसित किया गया है।
2. इस स्कोर को स्वामित्व योजना के साथ एकीकृत किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)**

ग्रामीण क्रेडिट स्कोर:

परिचय: इसे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा ग्रामीण परिवेश के व्यक्तियों की ऋण पात्रता का आकलन करने तथा ऋण प्राप्ति को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। अतः कथन 1 सही नहीं है।

इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उधारकर्त्ताओं (ऋण प्राप्तकर्त्ता) का अधिक सटीक मूल्यांकन प्रदान कर ऋण चुकौती अनुशासन में सुधार लाना तथा धोखाधड़ी को कम करना है।

प्रभाव: यह माइक्रोफाइनेंस को मज़बूत करेगा, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगा तथा कृषि, ग्रामीण विकास और MSME जैसे क्षेत्रों को सहायता प्रदान करेगा।

GCS मौजूदा माइक्रोफाइनेंस मॉडलों का पूरक होगा तथा ऋणों के मूल्यांकन के लिये CIBIL और CRIF हाईमार्क जैसे क्रेडिट स्कोर के साथ मिलकर कार्य करेगा।

इस स्कोर को स्वामित्व योजना के साथ एकीकृत किया जाएगा। अतः कथन 2 सही है।

**89. हाल ही में चर्चा में रही, शतावरी (Asparagus racemosus) का मुख्य उपयोग किस क्षेत्र में किया जाता है?**

(a) निर्माण क्षेत्र

(b) चिकित्सा

(c) कृषि

(d) जैव प्रौद्योगिकी

**उत्तर: (b)** चिकित्सा

**90. हाल ही में, SEBI द्वारा खुदरा निवेशकों के लिए किस क्षेत्र में एक नया ढांचा पेश किया गया है?**

(a) क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग

(b) एल्गोरिथमिक ट्रेडिंग

(c) विदेशी मुद्रा व्यापार

(d) वस्त्र उद्योग

**उत्तर: (b)** एल्गोरिथमिक ट्रेडिंग

**91. भारत की सबसे बड़ी सौर सेल निर्माण इकाई कहां स्थित है?**

(a) पाटण, गुजरात

(b) नागौर, राजस्थान

(c) गंगईकोंडान, तमिलनाडु

(d) हासन, कर्नाटक

**उत्तर: (c)** गंगईकोंडान, तमिलनाडु

**92. निजी सदस्य विधेयक (Private Member's Bill) को संसद में प्रस्तुत करने के लिए कितने समय पूर्व नोटिस देना आवश्यक होता है?**

(a) 7 दिन

(b) 15 दिन

(c) 1 महीना

(d) 2 महीने

**उत्तर: (c)** 1 महीना

**93. हाल ही में चर्चा में रहे, प्रधानमंत्री युवा (PM YUVA) 2.0 योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(a) युवा लेखकों को प्रशिक्षण देना

(b) डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना

(c) ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करना

(d) कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना

